# महादेव उड़ान पुल निर्माण की कछुआ चाल से बढ़ी परेशानी, मार्ग खोलने की मांग

## वैकल्पिक मार्ग से आवागमन करना मुश्किल कन्हान बचाओ मंच ने मार्ग खोलने के लिए दिया ज्ञापन



**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** नगर के मुख्य मार्ग चर्च तिराहा से महाराष्ट्र बैंक तक महादेव उड़ान पुल का निर्माण कार्य एमपीआरडीसी द्वारा जारी है। ठेकेदार द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य की गति इतनी धीमी है कि यह महादेव पुल 2 माह पूर्व बनकर तैयार हो जाना था जो वर्तमान में भी अधूरा पड़ा हुआ है। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य के चलते मार्ग को परिवर्तित किया गया था अब यह परिवर्तित मार्ग लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। सड़क निर्माण कंपनी द्वारा की जा रही लापरवाही को लेकर कन्हान बचाओ मंच ने एसडीएम और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर चर्च मार्ग को सुचारु करने की मांग की है जिससे आवागमन सरल हो सके।

ज्ञापन में कहा गया कि सड़क निर्माण कंपनी द्वारा बीते लगातार 2 वर्षों से निर्माण कार्य किये जा रहे निर्माण के कारण परासिया तथा दमुआ मार्ग से अंदर आने वाले छोटे, मझलै बड़े वाहन नहीं आ पा रहे है। जिसके कारण शहर का व्यापार व्यवसाय लगभग चौपट हो चुका है। आमजन सहित व्यापारी व मजदूर वर्ग के सभी को नुकसान पहुंच रहा है।

सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सड़क विकास निगम के नियमों का भी लगातार उल्लंघन किया जा रहा है। बैगर वैकल्पिक मार्ग दिए इस सड़क का निर्माण कार्य कही न कही जांच का विषय है। बीते लगभग 2 वर्षों से महादेव उड़ान पुल के निर्माण कार्य के कारण यहां से सरकारी वाहन एम्बुलेंस सहित अन्य वाहनों का आवागमन रुक जाने से बड़ी तकलीफ हो रही है। अब 20 जून के पश्चात स्कूल कॉलेज के खुल जाने से छात्र-छात्राओं को भी आवागमन में तकलीफ होने लगी है।

आम जनता एवं व्यापारियों सहित छात्र-छात्राओं की इस कठिनाईयों को मद्देनजर रखते हुए श्री राम तिराहा (चर्च) से जुन्नारदेव के अंबेडकर चौक तक के मार्ग को जल्द ही खोल दिये जाने की मांग शासन प्रशासन से की गई है।

कन्हान बचाओ मंच ने ज्ञापन में कहां है कि यदि आगामी दिनों में शासन प्रशासन द्वारा आम जनता की इन समस्याओं पर ध्यान न दिया गया तो वह बड़े आन्दोलन धरना के लिए विवश होगें। उन्होंने शासन प्रशासन से समस्या के तत्काल निराकरण हेतु सड़क निर्माण कंपनी को निर्देशित करने की मांग भी की है।

# सहकारी विपणन सोसायटी का कोई धनी धोरी नहीं

## प्रशासक कुंभकर्णी निद्रा में मस्त

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर गोटेगांव में शुमार सहकारी विपणन प्रक्रिया मर्यादित का सूर्य अब अस्ताचल की ओर अग्रेषित हो रहा है जैसे तैसे एक महिला को इसकी कमान सौंपी गई है। तो उसको भी प्रशासनिक सहयोग नहीं मिलता जिससे मार्केटिंग का प्रगति की ओर अग्रसर होना संदेह के घेरे में आता जा रहा है ।

नगर के नागरिकों का कहना है कि कोई समय गोटेगांव नगर में सहकारी विपणन प्रक्रिया मर्यादित का नाम चलता था। जहां से शासन द्वारा नगर के नागरिकों को सस्ते दाम पर राशन कार्ड से कपड़ा,साबुन,मिट्टी का तेल, शक्कर, अनाज चांवल,गेहूं एवं शिक्षा अध्ययन कर रहे छात्रों को उचित दाम पर कॉपियां, पेन सहित अन्य स्टेशनरी आदि उपलब्ध कराई जाती थी।

अब इस संस्था का कोई धनी धोरी नहीं है फलस्वरूप इसका सूर्य अब अस्ताचल की ओर परिलक्षित होता दिखाई दे रहा है




नगर के नागरिकों और समाज सेवियों ने मांग की है कि इस संस्था को नव जीवन देकर पुनः स्थापित की जाए और उचित दाम पर गृहस्थी का सामान स्टेशनरी कपड़ा आदि की बिक्री शुरू की जाए। इस संस्था के प्रशासक तो अंतर्यामी हो रहे हैं उनका संस्था में दर्शन होना दुर्लभ होता जा रहा है नगर वासियों में जन चर्चा का विषय भी बनता जा रहा है।


शासन से अपेक्षा हैं कि प्रायः मृत पड़ी सहकारी विपणन प्रक्रिया मर्यादित को पुनः नव जीवन प्रदान किया जाए। शासन और संबंधित विभाग जिले के जवाबदार अधिकारी जनप्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान दें। स्मरण हो कि मार्केटिंग सोसायटी के तत्कालीन प्रबंधक द्वारा 2020 में इस संस्था में घपला किया गया था। जिसका परिणाम आज दिनांक तक संस्था भुगत रही है तत्कालीन प्रबंधक पर एफ आई आर होने की वजह से संस्था को खरीदी का कार्य नहीं मिल पा रहा है। वही तत्कालीन भ्रष्ट प्रबंधक फिर से प्रशासक बनकर इस संस्था में बैठा हुआ है।

जिससे संस्था का कोई विकास नहीं हो पा रहा है ना ही कर्मचारियों की वेतन वृद्धि हो पा रही है। नगर वासियों का कहना है कि शासन की यह बात समझ में नहीं आ रही है उच्च पदों पर बैठें अधिकारियों ने फिर से उस भ्रष्ट अधिकारी भ्रष्टाचारी को क्यों इस संस्था में प्रशासक पद पर आसीन किया। शासन ध्यान दे।

## सार-समाचार

### सुबोध जैन बने प्रदेश अध्यक्ष

**गोटेगांव, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों की संस्था मध्यप्रदेश सूक्ष्म लघु उद्योग संघ में विगत दिवस नगर के समाजसेवी एवं वरिष्ठ नेता तथा कांग्रेस महा मंत्री चौधरी विभाष जैन के बड़े भ्राता श्री सुबोध जैन प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए है।श्री जैन सामाजिक, व्यापारिक, औद्योगिक शिक्षा सहित कई संस्थाओं में महत्वपूर्ण दायित्व संभाल रहे हैं। स्मरण हो कि नगर के वरिष्ठ समाजसेवी स्व.चौधरी सुरेश चंद्र जैन के द्वितीय पुत्र सुबोध जैन ने विगत दिवस निर्वाचित होने के बाद अपना कार्य आरंभ भी कर दिया है उनकी इस नियुक्ति पर चाहने वालों में हर्ष व्याप्त है और सभी ने चौधरी सुबोध जैन को शुभकामनाएं और बधाई दी है।



### कालोनी में भरा पानी, नगरपालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**नैनपुर, देशबन्धु।** नैनपुर के वार्ड नं-15 ग्रीन सिटी कालोनी में पहली बरसात में ही पानी जाम होने की समस्या के निराकरण हेतु गुरुवार शाम 4 बजे नगरपालिका अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी ने वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत कर्मचारियों को जेसीबी मशीन के माध्यम से कच्ची नाली बनाकर उक्त पानी निकासी किये जाने के निर्देश दिए। जिससे वार्डवासियों की समस्या का समाधान हो सके। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

### नगर परिषद द्वारा दी गई सहायता राशि

**छपारा, देशबन्धु।** नगर परिषद छपारा के वार्ड क्रमांक 13 भगत सिंह वार्ड डुंगारिया निवासी नारायण रघुवंशी के छोटे सुपुत्र निखिल रघुवंशी की कोरोना के दौरान मृत्यु हो गई थी, जिसकी अंत्येष्टि की राशि आज नगर परिषद छपारा के कर्मचारियों एवं भगत सिंह वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद श्रीमती सोनल/ चंदू श्रीवात्री के द्वारा उनके निवास पर जाकर 5000 की सहायता राशि प्रदान की गई।



# पिंडरई में मुनि नीरज व निर्मद सागर का चातुर्मास



**पिंडरई (मंडला) देशबन्धु।** व्रती नगरी पिंडरई में युग शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज एवं विद्या शिरोमणि आचार्य महाराज समयसागर की विशेष अनुकम्पा से मुनि नीरजसागर एवं मुनि निर्मदसागर का चातुर्मास होने जा रहा हैं ।

चार माह तक इस व्रती नगरी में विद्या-समय रूपी नीरज की निर्मद वर्षा होने वाली हैं.. सकल दिगंबर जैन समाज व्रती नगरी पिंडरई समस्त जिले एवं ग्राम वासियों को इस वर्ष होने वाले पावन वर्षायोग में नीरज की रज को सर पर लगा कर अपने मद कों चूर चूर कर निर्मद बनने के लिए सादर आमंत्रित करती हैं।

# ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय बदहाल, प्राचार्य कक्ष में पानी

## दस्तावेज व फाइलें भीगी, सब तरफ अव्यवस्था का आलम

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर का इकलौता कालेज शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय इन दिनों गंभीर अव्यवस्थाओं और प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। अंधे पीसे कुत्ते खाएं वाली कहावत चरितार्थ होती जा रही है। जहां एक ओर सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, शिक्षित भारत जैसे नारे बुलंद कर रही है, वहीं दूसरी ओर यह महाविद्यालय शिक्षा के साथ मज़ाक बनकर रह गया है। संबंधित जनप्रतिनिधि अधिकारी अपनी जिम्मेदारी भूलकर गहरी नींद में सोए हुए हैं जिसके चलते शिक्षा का मंदिर अब अपनी दुर्दशा के आंसू बहा रहा है जिसके अभाव में अब विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में होता जा रहा है। जिससे सरकार की शिक्षा प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**प्राचार्या कक्ष में पानी, दस्तावेजों पर संकट** – बरसात का मौसम शुरू होते ही प्राचार्या कक्ष की छत टपकने लगी है। कक्ष में पानी भरने से फर्श फिसलन भरा हो गया है और महत्वपूर्ण दस्तावेज गीले होकर खराब हो रहे हैं। पुरानी लकड़ी की अलमारियाँ और बिखरे फाइलों के ढेर प्रशासनिक लापरवाही की कहानी खुद-ब-खुद बयाँ कर रहे हैं।

**शौचालय की हालत शर्मनाक- फैली दुर्गंध**– महाविद्यालय के शौचालय की स्थिति मानव गरिमा को ठेस पहुँचाने वाली है। फर्श



उखड़े हुए हैं, दीवारें गंदी और सीलनभरी हैं, और छत से प्लास्टर झड़ रहा है। छात्र-छात्राएं इन शौचालयों का उपयोग करने से भी कतराते हैं, जिससे स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है।

**राशि निकलती रही, हालात बिगड़ते रहे** – विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, हर वर्ष महाविद्यालय प्रबंधन के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जाने का दावा किया जाता है। लेकिन स्थिति इसके बिल्कुल उलट है। कहीं कोई मरम्मत, रखरखाव या सफाई के नाम पर कार्य नहीं हुआ। सवाल यह है कि आखिर ये राशि कहाँ जा रही है?

**प्रोफेसर और प्राचार्य समय पर नहीं, समर्पण** – यह भी सामने आया है कि प्राचार्य से लेकर जबलपुर से आने वाले अधिकांश प्रोफेसर समय से कॉलेज नहीं पहुँचते। देर से आना और जल्दी लौट जाना यहाँ की आदत बन चुकी है। इस लापरवाही का खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है, जिनकी पढ़ाई लगातार प्रभावित हो रही है।

**महाविद्यालय की छवि पर गहराहा संकट** – दीवारों की सीलन, टूटी छत, गंदे शौचालय और अव्यवस्थित कक्ष — ये सब ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय की छवि को धूमिल कर रहे हैं। यदि जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

**स्थानीय जनता और छात्रों की मांग बढी** – अब समय आ गया है कि उच्च शिक्षा विभाग, जनप्रतिनिधि और प्रशासन इस उपेक्षित महाविद्यालय की सुध लें। भ्रष्टाचार और लापरवाही की जाँच हो, राशि का लेखा-जोखा सार्वजनिक हो और कॉलेज को फिर से एक आदर्श शैक्षणिक संस्थान के रूप में स्थापित किया जाए।

# यातायात हुआ अराजक, हाथ पर हाथ रखे बैठे जवाबदार

**गोटेगांव, देशबन्धु। नगर में इन दिनों बेतरतीब यातायात से अराजकता की स्थिति बनी हुई है। जहां देखो वहीं दुपहिया से चार पहिया, छह पहिया, आठ पहिया और भारी भरकम ट्रक खड़े मिलते नजर आने लगे हैं संबंधित विभाग खामोश चुप्पी साधकर हाथ पर हाथ रखे बैठा है।**

गोटेगांव नगर का दुर्भाग्य ही है कि नगर को बायपास बनने के बाद भी अराजक यातायात से मुक्ति नहीं मिल पाई है। गोटेगांव की एक छोटी सी कुलिया से लेकर मुख्य मार्ग के आसपास छोटे से बड़े भारी वाहन खड़े मिलते हैं जिससे कई बार यातायात अवरुद्ध होने लगता है यहां कोई धनी धोरी भी नहीं है जो यातायात को सुधारे। भारी भरकम वाहन कुछ तो ट्रांसपोर्ट के और कुछ चार पहिया वाहन शहर में घरों घर रखे रहते हैं ट्रांसपोर्टरों के भारी भरकम वाहन शहर में फर्राटे से दौड़ते नजर आते हैं परंतु संबंधित विभाग की खामोशी नगर में जन चर्चा का विषय बनती जा रही है आखिर अराजक यातायात पर कार्यवाही क्यों नहीं होती।

प्रायः कई वर्षों से देखा जा रहा है कि शहर गोटेगांव में हर जगह कुलियों, मेन रोड,एवं जहां पर यातायात का दबाव है वहां पर भारी मात्रा में अस्त व्यस्त वाहन खड़े रहते है जिससे पैदल राहगीर,एवं शहर से आवागमन करने वाले दुपहिया वाहन चालकों की परेशानी भी होती है इक तो आजकल हर जगह भवन निर्माण का कार्य भी जोरो पर है जिससे हर कहीं आपको रेत,गिट्टी आदि भवन निर्माण सामग्री भी पड़ी मिलती है जिससे आवागमन अवरुद्ध होता है फिर भी शासन अंध मूक बना बैठा है इनके लिए शासन के पास कोई नियम नहीं हैं। बेहतर होगा कि नगर में आए दिन लगने वाले जाम और अराजक यातायात से नगर वासियों को छुटकारा दिलाया जाए। प्रशासन ध्यान दे।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 28 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ शुक्ल पक्ष की तृतीया, नक्षत्र-पुष्य।**

मेष – आज आप बहुत भावनाशील रहेंगे, इसलिए किसी के ज्यादा बोलने से आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचेगी। मां के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है।

वृषभ – आप तन और मन से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजनों के साथ घर के संबंध में चर्चा करेंगे। मित्रों के साथ प्रवास का आयोजन करेंगे। आर्थिक मामलों पर अधिक ध्यान देंगे।

मिथुन – आज आपका दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज आप थकान, चिंता एवं प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। निर्धारित काम को समय पर पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे। **क-256-344**

कर्क – आज आप बहुत इमोशनल रहने वाले हैं। मित्रों, परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के साथ किसी गहरी चर्चा में उतर सकते हैं। घूमने- फिरने और स्वादिष्ट भोजन करने का अवसर मिलेगा।

सिंह – आज आपको मन पर नियंत्रण रखना होगा। स्वास्थ्य से सम्बंधित विषय में आप चिंतित रहेंगे। चिंता के कारण शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

कन्या – आज आप अनेक तरह के लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आपके व्यापार और आय में वृद्धि होगी। नौकरी में भी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मित्रों के साथ रमणीय स्थल पर घूमने जाने की संभावना है।

तुला – आज भाग्य आपके साथ होने से आपके सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। आपका मान सम्मान बढ़ेगा। अधिकारियों की तरफ से प्रोत्साहन मिलने में आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

वृश्चिक – आज आप शारीरिक थकान, आलस्य और मानसिक चिंता की अनुभूति करेंगे। व्यापार में बाधा खड़ी होगी। संतान से मतभेद रहेगा।

धनु – आप वाणी पर नियंत्रण नहीं रखेंगे, तो किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

मकर – आपके विचार तथा व्यवहार में इमोशन बहुत अधिक रहेंगे। मित्रों और परिजनों के साथ खुशी से समय व्यतीत कर सकेंगे। शारीरिक, मानसिक ताजगी का अनुभव होगा।

कुंभ – काम की सफलता के लिए आज शुभ दिन है। आज किए गए कामों की वजह से आप खुश रहेंगे। परिजनों के साथ वक्त अच्छा गुजरेगा।

मीन – कल्पना के लोक में विचरण करना पसंद करेंगे। साहित्य लेखन में आपकी सृजनात्मकता प्रकट कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए अच्छा दिन है। प्रेमीजनों और प्रिय व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त कर सकेंगे। कामुकता रहेगी। **म-470-158**

1,6,3,8-15,60,39,82,94,05,74,25

# विधायक ने राशन दुकान का लिया जायजा






**सिवनी, देशबन्धु।** 27 जून को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने राशन दुकान का जायजा लिया। गड़बड़ मशीन की जांच के आदेश दिया। आज विधायक सिवनी ने नगर के अकबर वार्ड स्थित राशन दुकान का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों से बात कर उपभोक्ताओं को वितरित किये जा रहे खराब गेहूं वापिस कराने एवं राशन दुकान की गड़बड़ मशीन की जांच किये जाने निर्देश दिया।

ज्ञात हो कि अकबर वार्ड राशन दुकान के उपभोक्ताओं द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन से खराब गेहूं वितरण किये जाने एवं मशीन मे गड़बड़ी की शिकायतें की जा रही थी।

## कौशल एंड रोजगार कान्क्लेव में की सहभागिता

इसके पश्चात विधायक श्री राय ने जिला प्रशासन द्वारा एम.एस.एम.ई. दिवस के अवसर पर बारापत्थर स्मृति लान में आयोजित जिला स्तरीय उद्योग, कौशल एण्ड रोजगार कान्क्लेव मे अतिथि के रूप में सहभागिता किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

तदोपरांत अधिकारियों द्वारा आपका फूलमालाओं से अतिथि सत्कार किया गया। इसके साथ ही विधायक के करकमलों से हितग्राहियों को प्रमाणपत्रों व प्रतीकात्मक चैकों का वितरण किया गया।

इस अवसर विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राहियों की उपस्थिति रही।

# राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा भारत ने पांढुर्णा जिले के पांच लोगों को सौंपा दायित्व

**सौसर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा भारत का राष्ट्रीय अधिवेशन तथा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन विगत दिनों गोंदिया में किया गया जिसमें भारती पारधी सांसद बालाघाट के मुख्य आतिथ्य तथा गौरिशंकर बिसेन पुर्व मंत्री, गौरव पारधी विधायक कटंगी , विजय भाऊ रहांगडाले विधायक तिरोडा , ओंकार सिंह बिसेन पूर्व विधायक, मीना बिसेन पुर्व अध्यक्ष जिला पंचायत सिवनी, टी डी बिसेन पूर्व अध्यक्ष तथा नंदलाल चौधरी अध्यक्ष आदि लोगों की उपस्थिति में पवार बोर्डिंग भवन लक्ष्मी नगर कन्हार टोली गोंदिया में आयोजित किया गया ।




जिसमें समस्त देश भर से आये पवार बंधुओं ने सहभागी होकर कार्यक्रम को सफल बनाया जिसमें नवनिर्मित पांढुर्णा जिले से कृष्ण कुमार डोबले को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, युवराज हिंगवे को राष्ट्रीय सचिव, सुनंदा जितेन्द्र डोंगरे को राष्ट्रीय महिला कार्यकारिणी में सह-सचिव, कपिल भादे को राष्ट्रीय युवा कार्यकारिणी में सचिव, तानबा बारंगे को वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य तथा पी बी पराड़कर को राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व सौंपा गया।

इस हेतु जिले के अनेकों पवार बंधुओं द्वारा इन्हें बधाई प्रेषित की गई तथा राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा का आभार व्यक्त किया गया।